प्रादेशिक समाचार

दिनांक–23.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में अब आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्ति में भी होगा आरक्षण का पालन, राज्य कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी।
- शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी विनय चौबे की तबीयत बिगड़ी, रिम्स में भर्ती, जेएसबीसीएल के जीएम वित्त समेत तीन भेजे गये जेल।
- हजारीबाग में अवैध कोयले की खदान में उतरे तीन ग्रामीण लापता, 18 घंटे से खोजबीन जारी, सांसद ने प्रशासन पर उठाये सवाल।
- जेपीएससी ने जारी की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा के इंटरव्यू की तिथि, 10 से 23 जून तक 342 पदों के लिए 864 अभ्यर्थी होंगे शामिल।
- रांची, पलामू और धनबाद समेत राज्य के 18 जिलों में आज आंधी–तूफान के साथ तेज बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो और औरेंज अलर्ट।

********************

झारखंड में अब आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्ति में भी आरक्षण का पालन किया जायेगा। राज्य कैबिनेट ने इससे संबंधित झारखंड मैन पावर प्रोक्योरमेंट आउटसोर्सिंग मैनुअल –2025 को मंजूरी प्रदान कर दी है। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि इसके तहत अब आउटसोर्स पर बहाली पांच साल के लिए होगी और मानदेय में तीन फीसदी वार्षिक वृद्धि होगी। इसके साथ ही चार लाख रुपये का ग्रुप दुर्घटना बीमा का भी लाभ कर्मियों को मिलेगा।

********************

झारखंड में कथित तौर पर 38 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में एसीबी के हाथों गिरफ्तार आईएएस अधिकारी विनय चौबे की तबीयत जेल में बिगड़ी गयी। इसके बाद कल शाम उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया है। श्री चौबे ने उक्त रक्तचाप और गुर्दा संबंधी रोग की शिकायत की है। इधर, इस मामले में गिरफ्तार झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड– जेएसबीसीएल के वर्तमान जीएम फाइनांस सुधीर कुमार दास, पूर्व महाप्रबंधक ऑपरेशन सह फाइनांस सुधीर कुमार और प्लेसमेंट एजेंसी के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज सिंह को तीन जून तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

********************

हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के खावा नदी के किनारे कोयले की अवैध खदान में तीन ग्रामीण फंस गए हैं। पिछले 18 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी तीनों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों की खोजबीन जारी है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने घटना की जानकारी देते हुए अवैध खनन को लेकर जिला प्रशासन पर निशाना साधा है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकसित स्टेशनों के उद्घाटन के अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेलवे का तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है। वे खूंटी के गोविंदपुर रोड स्टेशन के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे।

********************

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी ने 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा के इंटरव्यू की तारीख की घोषणा कर दी है। इंटरव्यू के लिए उम्मीदवारों का सत्यापन 9 जून से 22 जून तक होगा और इंटरव्यू 10 जून से 23 जून तक आयोग के कार्यलय में चलेगा। इसको लेकर आयोग ने आधिसूचना जारी कर दी है। कुल 342 पदों के लिए 864 अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल होंगे।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

राज्य में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकालने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गयी और सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया गया।

********************

हजारीबाग में निराश्रित बच्चों के आधार पंजीकरण और उन्हें कानूनी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष पहल की जा रही है। इसके लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व प्रधान जिला जज रंजीत कुमार करेंगे। प्रधान जिला जज ने बताया कि निराश्रित बच्चों के लिए साथी कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है।

********************

साहिबगंज जिले में किसानों की उन्नति के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। नीति आयोग भी इसमें दिलचस्पी दिखा रहा है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के 18 जिलों में आज आंधी–तूफान के साथ तेज बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने इसे लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 27 मई तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात होने की संभावना है।

********************

रांची जिला कबड्डी संघ की ओर से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गयी है। 31 मई तक प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक और शाम 4 से 6 बजे तक कैंप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप में पहले दिन 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

********************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक की खबर को प्रमुखता से जगह दी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– झारखंड में नदियों के पानी के प्रबंधन के लिए बनेगा जल संसाधन आयोग।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री द्वारा अमृत भारत स्टेशनों के लोकार्पण की खबर को सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर के शब्द हैं– कांस फिल्म फेस्टिवल में संताली फिल्म का पोस्टर लॉन्च।

दैनिक जागरण लिखता है– आइएसआइ से मिल रांची का अखलाक रच रहा था दिल्ली दहलाने की साजिश।

********************